<u>संदेश</u>

दुर्गा पूजा के पावन अवसर पर, मैं देश और विदेश में रह रहे सभी भारतीयों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं।

दुर्गा पूजा बुराई पर अच्छाई की जीत का उत्सव है। देवी दुर्गा, शक्ति का अवतार मानी जाती हैं। यह शक्ति और भक्ति का पर्व है तथा चेतना के उच्चतर स्तरों पर पहुंचने की हमारी आध्यात्मिक यात्रा का प्रतीक है। यह पर्व देवी दुर्गा के प्रति पूर्ण आस्था व्यक्त करने तथा सभी पंथों में एकता और सामाजिक सौहार्द को बढ़ाने का अवसर है।

हम प्रार्थना करें कि मां दुर्गा हमें शक्ति, साहस एवं दृढ़ संकल्प प्रदान करें ताकि हम एक न्यायपूर्ण, संवेदनशील और समतापूर्ण समाज की रचना करने के अपने प्रयासों में सफल हों।

आइए! महाशक्ति की उपासना के अवसर पर हम महिलाओं को सदैव सर्वोच्च सम्मान और आदर देने का संकल्प लें।

****